मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 19/12/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --608/2025
19 दिसंबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
============================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोला नाथ सिंह ने की मुलाकात।
============================

★ 28 दिसंबर 2025 से आयोजित हॉकी इंडिया लीग (एच०आई०एल०) 2025-26 के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु मुख्यमंत्री को किया सादर आमंत्रित।
============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोला नाथ सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी, रांची में 28 दिसंबर 2025 से हॉकी इंडिया लीग (एच०आई०एल०) 2025-26 के आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।

मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोला नाथ सिंह ने इस प्रतिष्ठित हॉकी लीग के आयोजन की तैयारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

==========================

#Team PRD(CMO)